**Terms of Reference**
**Junior Consultant (NHA Cell, BoP)**

The National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi, on behalf of the Ministry of Health & Family Welfare, is inviting applications from qualified candidates for two Junior Consultant positions, purely on a contractual basis.

The Junior Consultant will be based at the National Health Account (NHA) Cell, Bureau of Planning (Bop) Division of the Department of Health and Family Welfare and will work directly under the supervision of the Senior Economic Advisor/Economic Advisor, BoP division. The publication of the National Health Account (NHA) estimates is compiled annually by the NHA Cell, BoP division, MoHFW, in coordination with NHSRC, for each financial year since FY 2013-14. The NHA estimates provide a comprehensive and systematic assessment of health expenditure and fund flows across public & private sector in the country. The estimates classify health expenditure according to consumption, provision, and financing, which helps track trends in health spending and understand its driving factors. The NHA estimates are prepared using an accounting framework based on the standards of the System of Health Accounts (SHA), 2011, developed by the World Health Organization (WHO). NHA is compiled from budget documents of states and central departments, local bodies' accounts, information on health insurances, expenditure from the private sector, etc. The major estimates related to NHA include Total Health Expenditure (THE), Government Health Expenditure (GHE), Current Health Expenditures (CHE), and Out-of-Pocket Expenditures (OOPE). NHA estimates have been published regularly since 2013-14.

**Roles & Responsibilities of the position:**

- Coordinating, collection, compilation, scrutinizing analyzing of budget documents, Detailed Demands for Grants from the 36 State & UT Governments.
- Analyzing of budget documents, Detailed Demands for Grants of Central Ministries having health components.
- Executing Budget documents of State and Central Government as per NHA Framework.
- Producing State wise data set validating the same with the Annual Financial Statement (AFS) of the respective States.
- Generating basic health expenditure tables based upon the NHA Framework.
- Aiding in generation of health expenditure tables in terms of different systems of medicine, source of expenditure by Centre & States, sources of providers and health expenditure by ICHA functions.
- Generating state wise data base on health parameters, population and other variables influencing health.
- Coordinating with the Expert Group, Steering Committee and other meetings of the NHA Cell, BoP Division.
- Coordinating with the State Governments for State Health Accounts.
- Aid in organizing and conducting Workshops, Seminars, Meetings and documenting the proceedings.
- Aiding in general correspondence with other Ministries/State Governments with regard to National Health Accounts
- Any other work as assigned by the Senior officers from time to time.

**Essential Qualification and Experience:**

a) Bachelor's Degree in Science with a Master Degree/Diploma in Public Health
b) Bachelor’s Degree in Commerce with a Master Degree/Diploma in Business Administration/ Commerce/Health Financing

- At least 5 years of Post Qualification experience in preparing health sector financing data with a focus in the area of health budgets & health accounts.
- Computer proficiency including MS Office (Word/Excel/PowerPoint).
- Proficiency in data analysis using software tools like SAS, data triangulation, performance, knowledge of Public Health, State demographics, population etc.
- Experience in working on health issues at programme or policy level, monitoring and evaluation, data analysis, public health administration and governance.

**Age Limit:** Up to 55 Years (as on the date of receiving the application).

**Remuneration Range:** Between Rs. 40,000/- to Rs. 70,000/- Per Month

**Other Benefits:** Entitlement as per rules by NHSRC (may be mentioned by NHSRC)

**Duration of Contract:** Initial Contract for 1 year (with further extension subject to satisfactory performance).

**How to Apply:**

Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (https://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 1st June 2026.

**Note:**
If you face any issue while applying for the position, you may contact us at 011-26108983/84 (between 9:30 AM and 5:30 PM) or by email at: himanshu.saxena@nhsrcindia.org and mohfw.recruitment@gmail.com.

**Written Test Condition:**
If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 50%. However, If the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

**निर्देश निबंधन**

**कनिष्ठ परामर्शदाता (एनएचए सेल, बीओपी)**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, विशुद्ध रूप से संविदात्मक आधार पर कनिष्ठ परामर्शदाता के दो पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

कनिष्ठ परामर्शदाता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के योजना ब्यूरो (बीओपी) प्रभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) प्रकोष्ठ में पदस्थ होंगे और बीओपी प्रभाग के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार/आर्थिक सलाहकार के अधीन सीधे पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमानों का प्रकाशन एनएचए प्रकोष्ठ, बीओपी प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा एनएचएसआरसी के साथ समन्वय करके वित्तीय वर्ष 2013-14 से वार्षिक रूप से प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए संकलित किया जाता है। एनएचए अनुमान देश में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यय और निधि प्रवाह के व्यापक और व्यवस्थित मूल्यांकन का विवरण प्रदान करते हैं। ये अनुमान स्वास्थ्य व्यय को उपभोग, प्रावधान और वित्तपोषण के अनुसार वर्गीकृत करते हैं, जिससे स्वास्थ्य व्यय में रुझानों का पता लगाने और इसके प्रेरक कारकों को समझने में सहायता मिलती है। एनएचए अनुमान विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा विकसित स्वास्थ्य लेखा प्रणाली (एसएचए), 2011 के मानकों पर आधारित लेखांकन ढांचे का उपयोग करके तैयार किए जाते हैं। एनएचए को राज्यों और केंद्रीय विभागों के बजट दस्तावेजों, स्थानीय निकायों के लेखाओं, स्वास्थ्य बीमा संबंधी जानकारी, निजी क्षेत्र के व्यय आदि से संकलित किया जाता है। एनएचए से संबंधित प्रमुख अनुमानों में कुल स्वास्थ्य व्यय (टीएचई), सरकारी स्वास्थ्य व्यय (जीएचई), वर्तमान स्वास्थ्य व्यय (सीएचई) और जेब से खर्च (ओओपीई) शामिल हैं। एनएचए अनुमान 2013-14 से नियमित रूप से प्रकाशित किए जा रहे हैं।

**पद संबंधी भूमिकाएँ और दायित्व :**

- 36 राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों से प्राप्त अनुदान संबंधी विस्तृत मांगों और बजट दस्तावेजों का समन्वय, संग्रह, संकलन, जांच-पड़ताल और विश्लेषण करना।
- स्वास्थ्य घटक वाले केंद्रीय मंत्रालयों के बजट दस्तावेजों और अनुदानों की विस्तृत मांगों का विश्लेषण करना।
- एनएचए ढांचे के अनुसार राज्य और केंद्र सरकार के बजट दस्तावेजों पर कार्रवाई करना।
- राज्यवार डेटा सेट तैयार करना और संबंधित राज्यों के वार्षिक वित्तीय विवरण (एएफएस) से उसका सत्यापन करना।
- एनएचए ढांचे के आधार पर बुनियादी स्वास्थ्य व्यय सारणी तैयार करना।
- विभिन्न चिकित्सा प्रणालियों, केंद्र और राज्यों द्वारा व्यय के स्रोतों, सेवा प्रदाताओं के स्रोतों और आईसीएचए के कार्यों में हुए स्वास्थ्य व्यय के संदर्भ में स्वास्थ्य व्यय सारणी तैयार करने में सहायता करना।
- स्वास्थ्य संबंधी मापदंडों, जनसंख्या और स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों पर राज्यवार डेटाबेस तैयार करना।
- एनएचए सेल, बीओपी प्रभाग के विशेषज्ञ समूह, संचालन समिति और अन्य बैठकों के साथ समन्वय करना।
- राज्य स्वास्थ्य लेखाओं के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करना।
- कार्यशालाओं, सेमिनारों, बैठकों के आयोजन और संचालन में सहायता करना और कार्यवाही संबंधी दस्तावेज तैयार करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखाओं के संबंध में अन्य मंत्रालयों / राज्य सरकारों के साथ सामान्य पत्राचार में सहायता करना ।
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निष्पादन करना ।

**अनिवार्य अर्हताएं और अनुभव**
क) विज्ञान में स्नातक की डिग्री के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा
ख) वाणिज्य में स्नातक की डिग्री के साथ व्यवसाय प्रशासन/वाणिज्य/स्वास्थ्य वित्तपोषण में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।

- स्वास्थ्य बजट और स्वास्थ्य लेखा के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिए जाने और साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र के वित्तपोषण संबधी डेटा तैयार करने में न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता-पश्चात अनुभव
- कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान, जिसमें एमएस ऑफिस (वर्ड/एक्सेल/पावरपॉइंट) का ज्ञान होना भी शामिल है।
- एसएएस जैसे सॉफ्टवेयर टूल्स का उपयोग करके डेटा विश्लेषण में दक्षता, डेटा ट्रायंगुलेशन, कार्य निष्पादन, सार्वजनिक स्वास्थ्यए राज्य की जनसांख्यिकीए जनसंख्या आदि संबंधी ज्ञान।
- कार्यक्रम या नीति स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर काम करने, निगरानी और मूल्यांकन करने, डेटा विश्लेषण करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन और अभिशासन में अनुभव।

**आयु सीमा:** आवेदन प्राप्ति की तिथि के अनुसार अधिकतम आयु 55 वर्ष होगी।

**वेतन सीमा**: 40,000 रुपये से 70,000 रुपये प्रति माह के मध्य

**अन्य लाभ**: एनएचएसआरसी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार पात्रता (एनएचएसआरसी द्वारा उल्लेख किया जाए)

**अनुबंध की अवधि**: प्रारंभिक अनुबंध 1 वर्ष के लिए (संतोषजनक कार्य निष्पादन के आधार पर इसे आगे बढ़ाया जा सकता है)

**आवेदन कैसे करें:**
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (https://nhsreindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 1 जून 2026.

**नोट:**
यदि आपको इस पद के लिए आवेदन करते समय कोई समस्या आती है, तो आप 011-26108983/84 (सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच) पर हमसे संपर्क कर सकते हैं या himanshu.saxena@nhsrcindia.org और mohfw.recruitment@gmail.com पर ईमेल कर सकते हैं।

**लिखित परीक्षा की शर्तें:**
यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा शामिल है, तो न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50% होंगे। हालांकि, यदि उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या अधिक है, तो 1 रिक्ति के लिए 1:5 का अनुपात अपनाया जाएगा और शीर्ष 5 उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा। यदि 2 या अधिक उम्मीदवार समान अंकों के साथ उत्तीर्ण होते हैं, तो ऐसे सभी उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा।